# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 4

Chapter Name : ओस

Q1 (क) कविता में रतन किसे कहा गया हैं ?

(ख) ओस कणों को देखकर कवि का मन क्या करना चाहता हैं ?

Answer. (क) कविता में ओस की बूँदों को रतन कहा गया है। ओस  की बूँदे हरी घास , पेड़ के पत्तों और फूलों पर बिखरी हुई हैं।

(ख) ओस के कणों को देखकर कवि का मन कर रहा हैं कि वह अंजलि (दोनों हथेलियों को मिलाने से बनने वाली मुद्रा) भर कर इन्हें ले जाए और इसके ऊपर एक कविता लिख दे।

Page : 24 , Block Name : कविता से

Q2 (क) पता करो कि सुबह के समय खुले स्थानों पर ओस की बूंदे कैसे बन जाती हैं? इसे अपने शिक्षक को बताओ।

(ख) क्या ओस, कोहरा और वर्षा में कोई संबंध है?इसके बनने और होने के कारणों का पता लगाओ और उसे अपने ढंग से लिखकर शिक्षक को दिखाओ।

ग) सूरज निकलने के कुछ समय बाद ओस कहां चली जाती है? इसका उत्तर तुम अपने मित्रों, बड़ों, पुस्तकों और इंटरनेट की सहायता से प्राप्त करो और शिक्षक को बताओ।

Answer. (क) सूरज की रोशनी से नदियों और समुद्रों का पानी गर्म होकर भाप बनकर ऊपर की ओर उठता है। रात में पानी की बूँदे ठंडी होकर बूँदों के रूप में हरे घास, पत्ते और फूलों पर गिरती है। यह हमें धूप निकलने से पहले दिखाई देती है और धूप निकलते ही फिर से भाप बनकर उड़ जाती है।

(ख) पानी की बूँदे ठंडी होकर ओस की बूँदों के रूप में बदल जाती है |पानी की बूँदे ठंडी होकर जब बहुत पास-पास आ जाती है तो कोहरे का रूप ले लेती है | तेज़ गर्मी में पानी से भाप बनकर उड़ जाते हैं। ऊपर ठंडक मिलने से ये जम जाते हैं, जो हमें बादलों के रूप में दिखते हैं।

(ग) सूरज निकलने के बाद ओस गर्म होकर भाप बनकर उड़ जाती है, तो ओस गायब हो जाती है।

Page : 24 , Block Name : कविता से आगे

Q3 "इनकी शोभा निरख-निरख कर

इन पर कविता एक बनाऊँ।"

aglasem.com

उसकी सुंदरता पर एक कविता बनाना चाहता है। यदि तुम कभी के स्थान पर होते, तो कौन सी कविता बनाते? अपने मनपसंद विषय पर कोई कविता बनाओ।

Answer. अगर मैं कवि की जगह पर होता तो प्रकृति पर कविता लिखता। बच्चे स्वयं कविता लिखें।

Page : 25 , Block Name : तुम्हारी कल्पना

Q4 (क) तुम्हारे विचार से यह किस मौसम की कविता हो सकती है?

(ख) तुम्हारे प्रदेश में कौन-कौन से मौसम आते हैं? उसकी सूची बनाओ।

(ग) तुम्हें कौन-सा मौसम सबसे अधिक पसंद है और क्यों?

Answer. मेरे विचार से यह सर्दी के मौसम की कविता है जिसमें आसमान में सब कुछ साफ साफ दिखता है। और सब कुछ खूबसूरत होता है।

(ख) हमारे प्रदेश में सर्दी, गर्मी, वर्षा, वसंत सब ऋतुएँ आती हैं।

(ग) मुझे सबसे अच्छा बरसात का मौसम लगता है क्योंकि उसमें हर एक चीज़ हरी-भरी लगती है। सब कुछ ताज़ा और स्वच्छ लगने लगता है। प्रकृति फिर से नई-नई सी लगती है।

Page : 25 , Block Name : मौसम की बात

Q5 "जी होता है इन ओस कणों को

अंजलि में भर घर ले आऊँ"

कवि ओस को अपनी अंजलि में भरना चाहता है। तुम नीचे दी हुई चीजों में से किन चीजों को अपनी अंजली में भर सकते हो? सही (✓) का चिन्ह लगाओ

रेत, ओस, धुआँ, हवा, पानी, तेल, लड्डू, गेंद

Answer. हम अपनी अंजलि में रेत लड्डू और गेंद को भर सकते हैं।

Page : 25 , Block Name : अंजलि में

Q6 "हरी घास पर बिखेर दी है

यह किसने मोती की लड़ियां?"

ऊपर की पंक्तियों को उलट-फेर कर इस तरह से भी लिखा जा सकता है-

"हरी घास पर यह मोती की लड़ियां किसने बिखेर दी है।"

इसी तरह नीचे लिखी पंक्तियों में उलट-फेर कर तुम भी उसे अपने ढंग से लिखो।

aglasem.com

(क) "कौन रात में गूँथ गया है

यह उज्जवल हीरो की कड़ियां?"

ख) "नभ के नन्हें तारों में ये

कौन दमकते हैं यों दमदम?"

Answer.

(क) "यह उज्ज्वल हीरों की कड़ियाँ कौन गूँथ गया है रात में?"

(ख) "कौन दमकते है नभ के तारों में यों दमदम?"

Page : 25 , Block Name : उलट-फेर

Q7 "यह उज्ज्वल हीरों की कड़ियां"

ऊपर की पंक्ति में उज्जवल शब्द में 'ज' वर्ण दो बार आया है परंतु यह आधा ज है। तुम भी इसी तरह के कुछ और शब्द खोजों। ध्यान रहे, उस शब्द में कोई एक वर्ण में दो बार आया हो, मगर आधा-आधा। इस काम में तुम शब्दकोश की सहायता ले सकते हो। देखें कौन सबसे अधिक शब्दकोश पाता है।

Answer. टक्कर

चक्कर

अक्कड़

Page : 26 , Block Name : शब्दों की पहेली

Q8 नीचे लिखी चीजों जैसी कुछ और चीजों के नाम सोचकर लिखो-

(क) जुगनू जैसे चमकीले

(ख) तारों जैसे झिलमिल

(ग) हीरो जैसे दमकते

(घ) फूलों जैसे सुंदर

Answer. 1.आसमान जैसे नीला

2.पत्थर जैसे कठोर

3.अमावस जैसे काली

4.दीवाली जैसे उजली

aglasem.com

Page : 26 , Block Name : कौन ऐसा

Q9 बूझो मतलब

"जी होता, इन ओस कणो को

अंजलि में भर घर ले आऊँ"

'घर' शब्द का प्रयोग हम कई तरह से कर सकते हैं।

1.वह घर गया।

2.यह बात मेरे मन में घर कर गई।

3.यह तो घर-घर की बात है।

4.आओ, घर-घर खेलें।

'बस' शब्द का प्रयोग कई तरह से किया जा सकता है। तुम 'बस' शब्द का प्रयोग करते हुए अपने मन से कुछ वाक्य बनाओ।

Answer.

1. बस बहुत हुआ।
2. बस-बस मैं तुम्हारी बात समझ गया।
3. खाने में बस इतना सा ही है।
4. मैं उसके बस में हो गया था।
5. बस का सफर सुहाना था।

Page : 26 , Block Name : बूझो मतलब

Q10 चमक-चमकना-चमकाना-चमकवाना

'चमक ' शब्द के कुछ रूप लिखे हैं। इसी प्रकार

नीचे लिखे शब्दों का रूप बदलकर सही जगह पर भरो –

दमक ,सरक , बिखर , बन

Answer.

(i) जरा सा रगड़ते ही हीरे ने दमकना शुरू कर दिया।

(ii) तुम यह कमीज़ किस दर्ज़ी से बनवाना चाहते हो?

aglasem.com

(iii) साँप ने धीरे-धीरे सरकना शुरू कर दिया।

(iv) लकी को मूर्ख बनाना तो बहुत आसान है।

(v) तुमने अब खिलौने बिखेरने बंद कर दिए?

Page : 24 , Block Name : रूप बदलकर

aglasem.com